आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- नगरपालिका परिषद अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी 24 वार्डों के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कल से सर्वेक्षण शुरू करेगी।
- दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष ने कल कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया।
- व्यवहारिक प्रशिक्षण के चलते गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक की सड़क कल से 28 अगस्त तक बंद रहेगी।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के तहत अंतर–स्कूली हॉकी टूर्नामेंट कल से शुरू।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद अपने सभी 24 वार्डों में हेयर–कटिंग सैलून, नाई की दुकानों, ब्यूटी पार्लर, स्पा और अन्य प्रतिष्ठानों पर सर्वेक्षण कर रही है। इसका उद्देश्य ऐसे प्रतिष्ठानों के नगरपालिका रिकॉर्ड तैयार करना और उन्हें अद्यतन करना है। इसके लिए टीमें कल से इन जगहों का दौरा करेंगी। इस दौरान टीम के सदस्य जारी वैध पहचान पत्र साथ रखेंगे। इसके लिए किसी भी तरह की कोई फीस या शुल्क नहीं लिया जाए। सर्वे में प्रतिष्ठान की बुनियादी जानकारी शामिल होगी। नगरपालिका परिषद के भीतर आने वाले सभी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि वे सर्वेक्षण टीम को सही जानकारी दें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष पी. उम्मर ने कल जिला परिषद विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय फरारगंज और शोर पॉइंट में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को मज़बूत, छात्रों को आधुनिक टेक्नोलॉजी–आधारित सीखने के बेहतर अवसर प्रदान करना है।

जिला परिषद अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूलों में कंप्यूटर लैब बनाना डिजिटल अंतर को कम करने और बच्चों के लिए शिक्षा के बेहतर अवसर पैदा करने की दिशा में एक अहम कदम है। शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने कहा कि ज़िला परिषद शैक्षिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता देती रहेगी। इस अवसर पर निर्माण और विकास समिति के अध्यक्ष पी. ए. शरफुद्दीन, फरारगंज जिला परिषद सदस्य अब्दुल बशीर और शोर पॉइंट की जिला परिषद सदस्य धना रेखा के अलावा शिक्षक, छात्र, अभिभावक और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 5 सितम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 48 स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। इन शिक्षकों का चयन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के जरिए किया गया है। पुरस्कार के लिए चुने गए 48 शिक्षक 27 राज्यों, 7 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के 6 संगठनों से हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट–पीजी परीक्षा के लिए चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती के कारण सीजीएचएस वेलनेस सेंटर को 27 से 31 अगस्त तक बंद रखने के नोटिस का खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह नोटिस झूठा और अनधिकृत है। सभी सीजीएचएस वेलनेस सेंटर अपने निर्धारित कार्य समय के अनुसार कार्य करेंगे। मंत्रालय ने लाभार्थियों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक सीजीएचएस चौनलों के माध्यम से जारी की गई जानकारी पर ही भरोसा करें।

<><><><><><><>

सरकार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के उस फर्जी वीडियो का खंडन किया है, जिसमें एक निवेश योजना का प्रचार किया जा रहा है। इस वीडियो में 22 हजार रुपये के शुरुआती निवेश पर हर सप्ताह साढ़े पांच लाख रुपये की सुनिश्चित आय देने का दावा किया जा रहा है।

पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह वीडियो फर्जी और एआई से तैयार किया गया है। इकाई ने स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री ने ऐसी किसी निवेश योजना या प्लेटफॉर्म का समर्थन नहीं किया है। जांच इकाई ने लोगों से ऐसे जालसाजों से सावधान रहने की अपील की है, जो फर्जी योजनाओं का लालच देकर लोगों को ठगने और उनका पैसा हड़पने का प्रयास कर रहे हैं।

<><><><><><><>

विकसित भारत – गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) और मध्योत्तर अंडमान जिले के तहत प्रोग्राम ऑफ़िसर, असिस्टेंट इंजीनियर, डेटा एंट्री ऑपरेटर और ग्राम रोज़गार सेवक के पदों पर संविदा आधार पर भर्ती के लिए स्थानीय उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर शाम 5 बजे तक है। किसी भी जानकारी के लिए, उम्मीदवार संयुक्त ज़िला कार्यक्रम समन्वयक, कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार IRBn, अंडमान निकोबार पुलिस के टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स की व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए, गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक की सड़क कल से 28 अगस्त तक, सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम 5 बजे तक गाड़ियों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। इस दौरान आम जनता से वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोह के हिस्से के रूप में, उप शिक्षा कार्यालय विम्बर्लीगंज की ओर से स्कूली छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अंडर–17 वर्ग के लड़कों के लिए अंतर–स्कूली हॉकी टूर्नामेंट कल से शुरू होगा।

रोड रेस 29 अगस्त को सुबह 6 बजे से मिनी स्टेडियम, विम्बर्लीगंज से आरंभ होगा। इसमें केवल विम्बर्लीगंज शैक्षणिक अंचल के स्कूली छात्र भाग ले सकेंगे।

<><><><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के शाखा एमएसएमई कार्यालय, श्री विजय पुरम को क्यारी के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर से आईसीएआर–सिरकोट, मुंबई के क्षितिज 2.0 स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। यह कार्यक्रम एमएसएमई, स्टार्टअप्स, नवाचारों, उद्यमियों, शोधकर्ताओं और नए विचारों वाले छात्रों के लिए खुला है। चयनित प्रतिभागियों को दो महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें वन–टू–वन मेंटरशिप, फ़ील्ड ट्रायल, तकनीक सत्यापन, बाजार की जरूरतों को समझना और बिजनेस मॉडल तैयार करना शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी 25 अगस्त तक icarcircot.accubate.app के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और अंडमान निकोबार एड्स कंट्रोल सोसाइटी के समन्वय से कल 'रेड रन – 5 km हाफ मैराथन' का आयोजन किया गया। इसमें कुल 46 प्रक्षिणार्थियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य HIV से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महविद्यालय की प्राधानाचार्या ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लड़कों की श्रेणी में अनिमेष उराव, सी. मोहम्मद जसीम और लोहित राव ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों की श्रेणी में स्तुति, हर्षिता और संजना शीर्ष तीन स्थान पर रहे।

<><><><><><><><><>

शिक्षा विभाग के सहयोग से, राइट्स फॉर ऑल की अध्यक्ष रुबीना सिद्दीकी ने कल राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में संस्थानों के प्रमुखों और शिक्षकों के लिए POSH पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज क्षेत्र के 224 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन मोड और बाहरी क्षेत्रों से लगभग 380 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया।

<><><><><><><>